ग्राम चौपाल-गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम सम्पन्न

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में विकास खण्ड बर्डपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बर्डपुर नं0-10 में ग्राम चौपाल-गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। चौपाल कार्यक्रम में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा ग्राम चौपाल-गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीणों से विभिन्न योजनाओ के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी तथा समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा ग्रामीणो से जानकारी प्राप्त किया गया कि शासन की योजनाओ की जानकारी मिल रही है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि शासन की योजनाओ का लाभ मिल रहा है। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देश दिया कि पात्र लाभार्थियों को सभी योजनाओ का लाभ मिलना चाहिए। जिजलाधिकारी ने ग्रामवासियों से अपील करते हुए कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके जिन लोगो का नाम

मतदाता सूची में नही है वह लोग फार्म 06 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा ले। जनगणना का कार्य शुरू हो रहा है प्रगणक का पूरा सहयोग करे जिससे जनगणना का कार्य पूर्ण हो सके। टीकाकरण का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कराये। कोई भी बच्चा टीकाकरणा से छूटने न पाये। इसके अलावा जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि महिलाओं को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता और प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। राशन वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता नही होना चाहिए। वरासत के प्रकरणो को समयान्तर्गत निस्तारित कराये। भूमि विवाद/पैमाइश आदि प्रकरण यदि है तो प्रार्थना-पत्र दे सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि पात्र लाभार्थियो का सत्यापन कराकर पेंशन का लाभ दिया जाये। जिलाधिकारी ने ग्रामवासियो से पूछा कि गांव की कोई और समस्या हो तो बताए। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भारत सरका,प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुँचाये। इसके किसी भी प्रकार की हीलाहवाली करने पर संबधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जन्म प्रमाण-पत्र, आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्र का आवेदन निर्धारित समय में निस्तारित कराये। आपदा राहत के अन्तर्गत लाभ दिलाये। कृषक दुर्घटना बीमा योजना का लाभ दिलाये। सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। ग्राम चौपाल के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कार्यक्रम विधिवत रूप से सम्पन्न कराया गया।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी नौगढ़ निखिल चक्रवर्ती, जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा, डीसी मनरेगा सन्दीप सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, खण्ड विकास अधिकारी बर्डपुर, ग्राम प्रधान व अन्य ब्लाक स्तरीय अधिकारीगण एवं ग्रामवासी आदि उपस्थित थे।

नवनिर्वाचित शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी का स्वागत

उसका बाजार सिद्धार्थनगर। गोरखपुर फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से लगातार चौथी बार निर्वाचित होने के बाद उसका बाजार

अपने निवास पर आगमन होने पर नवनिर्वाचित एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी का ढोल, बैंडबाजा, पटाखा के साथ पुष्प वर्षा एवं माल्यार्पण कर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

गुरुवार दोपहर को शिक्षक एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी के नगर आगमन की जैसे ही सूचना लोगों को मिली तैसे ही उनके समर्थकों, पार्टी कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतको का स्वागत करने के लिए हुजूम उमड़ पड़ा। पुलिस सहायता केंद्र उसका राजा पर मौजूद लोगों ने जिंदाबाद और जय श्रीराम का नारा लगाया। भीड़ के बीच ध्रुव कुमार त्रिपाठी पैदल चलते रहे इस दौरान कई दर्जन लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया। तत्पश्चात तेतरी वार्ड स्थित उनके आवास पर लोग पहुंचे।

जहां नगर पालिका सिद्धार्थनगर के चेयरमैन गोविंद माधव, नगर पंचायत उसका बाजार के चेयरमैन प्रतिनिधि हेमंत कुमार जायसवाल ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

इस दौरान पूर्व प्रधानाचार्य चंद्रभान त्रिपाठी राम उजागिर पाण्डेय, सुरेंद्र पाण्डेय, चुन्नी जायसवाल, सत्यप्रकाश वर्मा, आशीष पाण्डेय, हरिशंकर सिंह, रूपेश सिंह, पंकज सिंह, शिवचंद यादव, सिद्धार्थ मिश्रा, संतोष शुक्ला, रामायण मिश्रा, अनिल मिश्रा, बीरेन्द्र पाण्डेय, प्रमोद पाण्डेय, प्रदीप त्रिपाठी, वंशीधर पाण्डेय, सच्चिदानंद चौबे, मयंक पाण्डेय, आशीष जायसवाल, राहुल दुबे, सुभाष यादव, जयप्रकाश आदि लोग उपस्थित रहे।

बजरंग दल के जिला संयोजक पर प्राण घातक हमला, हालत गम्भीर

बांसी(सिद्धार्थनगर)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के रासी नगर में शुक्रवार दोपहर लगभग 12:30 बजे एक सनसनीखेज आपराधिक वारदात सामने आया है। धानी मार्ग स्थित दूकान पर काम कर रहे बजरंग दल के जिला संयोजक पर बोलेरो सवार हमलावरों ने दुस्साहस के साथ दूकान में घुसकर लाठी-डंडों व लात-घूंसों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले से बजरंग दल नेता के सिर में गम्भीर चोट आने पर उन्हें 50 शैय्या युक्त संयुक्त चिकित्सालय बांसी ले जाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनके हालात को नाजुक स्थिति में देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित राहुल कुमार अग्रहरि (28 वर्ष, पुत्र राममिलन), निवासी रासी नगर जो बांसी धानी मार्ग स्थित अपनी दूकान पर कार्य कर रहे थे। पीड़ित का आरोप है कि दोपहर करीब 12:30 बजे एक बोलेरो गाड़ी से 7-8 लोग अचानक उतरे और दूकान में घुसकर बेरहमी के साथ

मारपीट शुरू कर दिया। पीड़ित पक्ष के मुताबिक, हमलावर बजरंग दल के जिला अध्यक्ष के गुर्गे बताए जा रहे हैं। दूकान के भीतर हुई इस अचानक मारपीट से आस पास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। राहुल की चीख-पुकार सुनकर जब अगल बगल के मोहल्ले वासी व स्थानीय लोग घटना स्थल की ओर दौड़े, तो हमलावर इलाके में दहशत फैलाने की नीयत से हवा में असलहा लहराते हुए मौके से फरार हो गए।घटना के तत्काल बाद परिजनों द्वारा लहूलुहान अवस्था में राहुल को संयुक्त जिला चिकित्सालय (50 शैया) बांसी लाया गया। बांसी अस्पताल में डॉ. एम.के. चौधरी की देखरेख में प्राथमिक इलाज शुरू किया गया, लेकिन सिर में गहरी चोट होने और हालत चिंताजनक देखकर डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल सिद्धार्थनगर के लिए रेफर कर दिया है।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय बांसी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

दिन दहाड़े इस प्रकार के दुस्साहसिक घटना को लेकर कोतवाली पुलिस पर सवाल उठ रहे हैं कि यदि सरे आम दिन दहाड़े इस प्रकार से आपराधिक व जान लेवा हमला हुआ तो फिर स्थानीय पुलिस पूरी तरह से अपराध रोकने में नाकाम व समाज की सुरक्षा को लेकर निष्क्रिय है।

इस सन्दर्भ में मुकामी का कहना है कि पीड़ित की तहरीर और स्थिति के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला का आयोजन

सिद्धार्थनगर। पशुपालन विभाग द्वारा संचालित होने वाला उत्तर प्रदेश सरकार की प्रमुख योजना मे से पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला का आयोजन विकासखंड नौगढ़ के ग्राम सभा शिवपतिनगर के टोला काशीपुर में पशु चिकित्सालय नौगढ़ सदर के द्वारा किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री राजेश मिश्रा और विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्र पंचायत सदस्य करीम खा उपस्थित रहे। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि मा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री राजेश मिश्रा ने गौ पूजन करके तथा फीता काटकर किया। उद्घाटन के उपरांत उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राज बहादुर यादव और पशुधन प्रसार अधिकारी अरुण कुमार प्रजापति ने मुख्य अतिथि श्री राजेश शर्मा और क्षेत्र पंचायत सदस्य करीम खा का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान जी ने की। उक्त मेले का संचालन पशुधन प्रसार अधिकारी अरुण कुमार प्रजापति ने किया। पशु आरोग्य मेलें को संबोधित

करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि यह सरकार की प्रमुखता वाली योजनाएं हैं प्रत्येक वर्ष ऐसा मेला लगाया जाता है जिसमें मैं स्वयं प्रतिभा करता हूं। मेले में पशुओं के लिए सरकार की तरफ से निशुल्क दवाओं का वितरण योजना पूरी तरह से सफल है। अपने पशुओं को हीट में आने के बाद वैज्ञानिक विधि से कृत्रिम गर्भाधान ही कराये। पशु आरोग्य मेला को संबोधित करते हुए उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राजबहादुर यादव ने पशुपालन विभाग के सभी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने पशुधन बीमा योजना, मुख्यमंत्री दुग्ध प्रोत्साहन योजना, केसीसी योजना तथा नस्ल सुधार योजना के विषय में भी पशुपालकों को जानकारी दी। पशु आरोग्य मेला को संबोधित करते हुए पशुधन प्रसार अधिकारी अरुण कुमार प्रजापति ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की तरह हमारे पशुपालन विभाग में भी एंबुलेंस की सेवा प्रारंभ हो चुकी है जिसको टोल फ्री नंबर 1962 से संचालित किया जाता है। उन्होंने सहभागिता योजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अगर गौशाला से आप पशु ले जाएंगे तो उत्तर प्रदेश सरकार आपको उसे पशु को पालने के लिए ?1500 महीना पशुपालक को देगी। पशु आरोग्य मेला में 46 पशुपालकों ने प्रतिभाग किया जिसमें कुल 249 पशुओं मे नि:शुल्क दवा वितरण के साथ साथ चिकित्सा की गई। जिसमें बड़े पशु गाय, भैस 99 तथा छोटे पशु बकरी, 150 शामिल रहें।पशु आरोग्य मेला में पशुपालन विभाग की तरफ से उमेश पांडेय ,अभय यादव ,चंदजीत , अशोक चौधरी,श्रेयांश मौर्या, महेंद्र पाल सहित विसम्भर, मगरू, सहित अन्य ग्राम वासी पशुपालक उपस्थित रहे।

मेगा/ विधिक सहायता एवं सेवा शिविर की सफलता को लेकर बैठक संपन्न

उसका बाजार सिद्धार्थनगर। जनपद मुख्यालय स्थित लोहिया कला भवन सिद्धार्थनगर में आगामी 1 नवंबर को आयोजित होने वाले मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर की भव्य सफलता को लेकर जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर अजय कुमार श्रीवास्तव-तृतीय की अध्यक्षता में जनपद के प्रशासनिक अधिकारीगण के साथ किया गया।

उक्त बैठक में न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिद्धार्थनगर अजय कुमार श्रीवास्तव-तृतीय ने आगामी दिनांक 01 नवंबर को लोहिया कला भवन, सिद्धार्थनगर में आयोजित होने वाले मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के सफल आयोजन के संबंध में उपस्थित समस्त अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया। माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि शिविर के माध्यम से शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने हेतु सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। इसके साथ ही, प्रत्येक विभाग द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित किए जाने हेतु पात्र लाभार्थियों को पूर्व में ही चिन्हित कर लिया जाए तथा उन्हें शिविर में उपस्थित होने के लिए आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाए।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर के आयोजन से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं तथा विभागीय स्तर पर की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र लाभार्थी संबंधित योजना के लाभ से वंचित न रहे।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त का शुभारंभ

सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गुजरात के अहमदाबाद से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त का शुभारंभ करते हुए देशभर के पात्र किसानों के बैंक खातों में धनराशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से हस्तांतरित की गई। उक्त कार्यक्रम का लाइव प्रसारण अंबेडकर सभागार में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन, सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि एस पी अग्रवाल की उपस्थित में किसानों के साथ देखा गया।

इस अवसर पर जनपद के किसानों को भी योजना के अंतर्गत मिलने वाली सम्मान निधि का लाभ प्राप्त हुआ। योजना के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान कर उनकी कृषि संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति में सहयोग किया जा रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों की आय को संबल प्रदान करने तथा कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने की दिशा में केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना से पात्र किसान सीधे अपने बैंक खातों में सम्मान निधि प्राप्त कर लाभान्वित हो रहे हैं।

इस अवसर पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन द्वारा किसानों को किसान सम्मान निधि योजना का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर उप कृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी रवि शंकर पांडे, जिला उद्यान अधिकारी विमलकांत, एवं अन्य संबंधित अधिकारी, किसान आदि उपस्थित थे।

जमीन के कारोबार में सक्रिय दलालों की जांच की मांग, डीएम को भेजा शिकायती पत्र

इटवा (सिद्धार्थनगर)। तहसील इटवा क्षेत्र में भूमि की खरीद-फरोख्त में मध्यस्थता करने वाले दलालों और ब्रोकरों की गतिविधियों की जांच कराने की मांग उठी है।

इटवा निवासी नंदलाल सोनी ने 30 अक्टूबर 2026 को जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर को ऑनलाइन शिकायत भेजकर कथित रूप से बिना वैधानिक पंजीकरण या आवश्यक अनुमति के भूमि कारोबार में सक्रिय ब्रोकरों की पहचान कर उनके विरुद्ध जांच एवं विधिक कार्रवाई की मांग की है।

शिकायतकर्ता नंदलाल सोनी का आरोप है कि इटवा तहसील क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से बड़ी संख्या में लोग जमीन की खरीद-बिक्री में दलाल और मध्यस्थ के रूप में सक्रिय हैं। ये लोग खरीदारों और विक्रेताओं के बीच सौदे कराने के नाम पर मनमाना कमीशन वसूलते हैं। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि कई मामलों में खरीदार और विक्रेता दोनों पक्षों से अलग-अलग कमीशन लिया जाता है।शिकायतकर्ता के अनुसार, कुछ मामलों में दलालों की मांग पूरी नहीं होने पर जमीन के संबंध में भ्रामक सूचनाएं फैलाने, विवाद उत्पन्न करने और सौदे को प्रभावित करने की कोशिश की जाती है। इससे आम नागरिकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

नंदलाल सोनी ने जिलाधिकारी से मांग की है कि इटवा तहसील क्षेत्र में भूमि की खरीद-फरोख्त में मध्यस्थता करने वाले लोगों की पहचान कर उनकी सूची तैयार कराई जाए। साथ ही उनके व्यवसाय से संबंधित वैधानिक पंजीकरण एवं अनुमति की जांच हो। शिकायत में पिछले पांच वर्षों में अर्जित चल-अचल संपत्तियों और आय के स्रोतों की जांच कराने की भी मांग की गई है। इसके अलावा आयकर विभाग, वाणिज्य कर विभाग और अन्य सक्षम एजेंसियों के सहयोग से आय एवं कर भुगतान की जांच कराने तथा अवैध वसूली, कर अपवंचना या अन्य वित्तीय अनियमितताएं सामने आने पर नियमानुसार कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है। शिकायतकर्ता ने जरूरत पड़ने पर राजस्व, पुलिस और संबंधित जांच एजेंसियों की संयुक्त समिति गठित कर मामले की व्यापक जांच कराने की मांग भी की है।

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की मंडलीय बैठक व सम्मान समारोह एक नवंबर को

इटवा (सिद्धार्थनगर)। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के बस्ती मंडल की कार्यकारिणी की बैठक एवं सम्मान समारोह आगामी 1 नवंबर (रविवार) को बस्ती जिला मुख्यालय स्थित टाटा मोटर्स परिसर में सुबह 11 बजे आयोजित किया जाएगा। एसोसिएशन के बस्ती मंडल अध्यक्ष डॉ. बलराम त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम में मंडल कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के साथ बस्ती, सिद्धार्थनगर एवं संतकबीरनगर के जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री तथा सभी तहसील अध्यक्षों को आमंत्रित किया गया है।

मिशन शक्ति फेज 6 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

इटवा (सिद्धार्थनगर)। मिशन शक्ति फेज 6 कार्यक्रम के तहत थाना इटवा मिशन शक्ति पुलिस टीम ने

थाना क्षेत्र अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय चैखड़ा की छात्राओं को महिला अपराध, साइबर अपराध सुरक्षा व हेल्पलाइन नम्बर, दहेज उत्पीड़न, नए कानून आदि के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया। यह अभियान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन के निर्देश पर 30 अक्टूबर 2026 को

प्रभारी निरीक्षक इटवा अनिल कुमार दूबे के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें मिशन शक्ति व साइबर क्राइम, मिशन शक्ति केंद्र, बहू बेटी सम्मेलन एवं नए कानून के संबंध व साइबर के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम की जानकारी दी गयी।

इसके अलावा सरकार द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गयी।

मिशन शक्ति टीम में उ0नि0 रामजी यादव, का0 रोहित यादव, म0आ0 साधना यादव, म0आ रविता यादव की मौजूदगी रही।

अभियुक्त की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

संत कबीर नगर। सत्र न्यायाधीश रणधीर सिंह ने थाना बेलहर कला क्षेत्र के अंतर्गत वन विभाग की टीम पर हमला करने और अवैध रूप से पेड़ काटने के एक गंभीर मामले में अभियुक्त हकीमुल्लाह पुत्र मो0 रजा,व सरबरे आलम पुत्र हकीमुल्लाह निवासी- जंगल दशहर, थाना बेलहर कला द्वारा प्रस्तुत अग्रिम जमानत प्रार्थना-पत्र को खारिज कर दिया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि अभियोजन पक्ष के अनुसार, वादी गोविन्द त्रिपाठी, जो मेंहदावल रेंज में वन रक्षक के पद पर कार्यरत हैं, ने दिनांक 03.10.2026 को शाम करीब 5:30 बजे सूचना दी कि ग्राम जंगल दशहर में हकीमुल्लाह, सदरे आलम, सरवरे आलम, फारुख व नजमुल द्वारा वन विभाग के अधीन संरक्षित पेड़ों को अवैध रूप से काटा जा रहा है। मना करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

जब मौके पर पहुंचकर रिजर्व फॉरेस्ट की लकड़ी काटकर ट्रैक्टर से ले जाने से रोका गया, तो अभियुक्तों ने एक राय होकर लोहे की कुल्हाड़ी और रॉड से जान से मारने की नीयत से टीम पर हमला कर दिया। इस हमले में सरकारी कर्मचारियों को गंभीर चोटें आईं और गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया गया। अजीत सिंह और आदित्य सिंह को भी चोटें आई हैं।

अदालत ने अपराध की गंभीर प्रकृति को ध्यान में रखते हुए अभियुक्तों द्वारा सरकारी कार्य में बाधा डालने, वन विभाग की लकड़ी चोरी करने और कर्मचारियों पर जानलेवा हमला करने की गंभीरता को देखते हुए जमानत अर्जी निरस्त कर दी।

डीएम और एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

संतकबीरनगर। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 को नकलविहीन, पारदर्शी एवं सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। शुक्रवार को जिलाधिकारी अनुज मलिक और पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था और उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया।

डीएम और एसपी ने मौलाना आजाद इंटर कॉलेज खलीलाबाद, एचआर पीजी कॉलेज खलीलाबाद तथा पीएम श्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज खलीलाबाद का निरीक्षण किया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल,

◆पीईटी-2026 की परीक्षा आठ केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से जारी, प्रथम पाली में 82.08 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

शौचालय, विद्युत आपूर्ति और अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति देखी। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों एवं ड्यूटी में तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

अधिकारियों ने परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के साथ ही कानून व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को शासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने तथा परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न होने देने के निर्देश दिए।

जिला प्रशासन के अनुसार, जनपद के कुल आठ परीक्षा केंद्रों पर पीईटी-2026 की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हो रही है। शुक्रवार को प्रथम पाली में कुल 2,952 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 2,423 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 529 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार प्रथम पाली में परीक्षार्थियों की उपस्थिति 82.08 प्रतिशत दर्ज की गई।

65 दिव्यांग बच्चों को मिले सहायक उपकरण

संत कबीर-नागर। राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देश तथा जिलाधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में शुक्रवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र (ब्रक्ष्ट) हैसर बाजार में दिव्यांग बच्चों के लिए उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के 65 दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकतानुसार विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किए गए।अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय बहादुर सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड विकास अधिकारी (ब्रष्ठह्र) उमेश प्रसाद ओझा, चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेंद्र चौधरी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (ब्रक्र) अमित कुमार सिंह ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।शिक्षा और जागरूकता पर बल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भारी बारिश के बावजूद अभिभावकों की भारी उपस्थिति यह दर्शाती है कि संत कबीर नगर जनपद में दिव्यांग शिक्षा के प्रति अध्यापकों और अभिभावकों में जागरूकता लगातार बढ़ रही है। उन्होंने ब्रेल लिपि की खोज करने वाली हेलन केलर और अमेरिका के ऐसे राष्ट्रपति का उदाहरण दिया, जिन्होंने दिव्यांगता को मात देकर इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने भरोसा दिलाया कि विभाग द्वारा बच्चों की शिक्षा और सुविधाओं में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेंद्र चौधरी ने कहा कि आज के मल्टीमीडिया युग में कोई भी व्यक्ति अक्षम नहीं है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे जागरूक होकर अपने बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र अवश्य बनवाएं, जिससे शासन की योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके।खंड विकास अधिकारी उमेश प्रसाद ओझा ने कहा कि शासन द्वारा दिव्यांग जनों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति, पेंशन और अन्य सभी सुविधाएं चिकित्सीय प्रमाण पत्र पर आधारित होती हैं, इसलिए पात्र लोग समय से आवेदन करें। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक डॉ. रजनीश बैद्यनाथ ने किया। उन्होंने बताया कि छूटे हुए बच्चों के लिए आगामी नवंबर माह में पीएमश्री योजना के अंतर्गत तहसील स्तर पर दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने हेतु विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्पेशल एजुकेटर दिलीप यादव, मोना गौतम, शंभू प्रसाद, दुर्गेश यादव, वीरेंद्र कुमार चौधरी, रोहित कुमार, जुबेर अहमद और दिग्विजय पांडे सहित अन्य शिक्षकों व कर्मियों का विशेष सहयोग रहा।

सोनिया व राहुल गांधी पर अभद्र टिप्पणी से आहत कांग्रेस नेता ने किया मुकदमा दर्ज करने की मांग

बांसी (सिद्धार्थनगर)। सोशल मीडिया पर नेता विरोधी दल राहुल गांधी एवं कांग्रेस पार्टी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के विरुद्ध अपमानजनक एवं अभद्र टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस नेता अभिनय राय ने पुलिस क्षेत्राधिकारी बांसी को एक शिकायती पत्र देकर विधिक कार्यवाही करने की मांग किया है।

शिकायती पत्र में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अभिनय राय ने कहा है कि ग्राम पेडारी बुजुर्ग निवासी राहुल पाण्डेय पुत्र बल्लम पाण्डेय ने अपनी आईडी से राहुल गांधी व सोनिया गांधी के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया है। इस पर

मुकदमा पंजीकृत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 26 अक्टूबर को ही थाना कोतवाली बांसी पर जाकर प्राथमिकी दर्ज कराने का प्रयास किया, लेकिन थानाध्यक्ष ने खेसरहा थाना भेज दिया। उसी दिन स्वयं व साथियों के साथ खेसरहा थाना पहुंचा वहां पर बताया गया कि साहब नहीं हैं। अगले दिन थाना खेसरहा से सकारपार चौकी भेजा गया, वहां पहुंचने पर चौकी इंचार्ज ने कहा कि एफआइआर थाना पर दर्ज होता है। उनका कहना है कि वहां से क्षेत्राधिकारी बांसी के पास गया, वहां से खेसरहा थाने को कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया। अभिनय राय ने कहा कि वह एक राष्ट्रीय पार्टी के प्रदेश सदस्य एवं जिला उपाध्यक्ष हैं। ऐसा व्यवहार होने पर वह स्वयं को ठगा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्राधिकारी से अनुरोध किया है कि उक्त के विरुद्ध उचित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया जाए।